an>

Title: Need to take steps for four-laning of National Highway No. 31 between Bakhtiyarpur and Khagaria in Bihar.

डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) ः बिहार में 4 लेन सड़कों का विकास राष्ट्रीय औसत से कम ही हुआ है। केन्द्रीय सरकार द्वारा एन.एच. 31 को 4 लेन में परिवर्तित करने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की गई, जिसमें प्रथम पाली में बख्तियारपुर से मोकामा, द्वितीय पाली में मोकामा से सिमरिया और तीसरी पाली में सिमरिया से खगड़िया चार लेन राष्ट्रीय उच्च पथ का निर्माण होना है, पर बिहार राज्य सरकार की भूमि अधिगृहण के क्षेत्र में शिथिलता के कारण यह योजना ठण्डे बस्ते में पड़ी हुई है। इससे राष्ट्रीय क्षितिज पर बिहार का पिछड़ापन भी उजागर होता है।

अतः मेरा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह है कि बख्तियारपुर से खगड़िया तक 4 लेन की योजना के क्रियान्वयन की दिशा में अभिरूचि लेकर त्वरित कार्यवाही की जाए।